दंगे के लिए जाना जाता था यूपी, अब नई पहचान : योगी

कानपुर में मुख्यमंत्री ने कहा, माफिया मुक्त प्रदेश में जमकर हो रहा निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर/उन्नाव । विधानसभा चुनाव-2022 से पहले शुरू की गई विकास यात्राओं के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शहर को 556 करोड़ की योजनाओं का तोहफा दिया। आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के डीएवी खेल मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उससे देशभर में प्रदेश और कानपुर के सामने पहचान का संकट खत्म हो गया है। दंगे के लिए जाना जाने वाला प्रदेश अब नई पहचान के साथ सामने आया है। मुख्यमंत्री ने सपा सहित सभी विपक्षी दलों पर भी जमकर प्रहार किया। कहा कि माफियाओं और लुटेरों ने देश के औद्योगिक नगरी की पहचान खत्म कर दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पूरा प्रदेश दंगा और अपराध बहुल प्रदेश के रूप में जाना जाता था। कानपुर दंगों के साथ लगातार खत्म हो रहे औद्योगिक संस्थानों वाले शहर के रूप में भी गिना जाने लगा था, लेकिन अब यह शहर मेट्रो, डिफेंस कॉरिडोर, रिंग रोड, प्रदूषण मुक्त गंगा और लेदर क्लस्टर के रूप में फिर से अपनी पहचान पाने लगा है। अपराधियों और दंगाइयों से प्रदेश मुक्त हो रहा है। जो बचे हैं, वे बचने नहीं पाएंगे।

कानपुर में एक बच्चे को खीर खिलाते सीएम योगी आदित्यनाथ। - संवाद

कोरोना काल में भी 66 हजार करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री ने बताया पूरी दुनिया में यह उदाहरण बन गया है कि कोरोना काल में यूपी में 66 हजार करोड़ का निवेश हुआ है। इसकी वजह है कि प्रदेश अपराधी व माफिया मुक्त हुआ है। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, नौजवान सभी के मन से अपराधियों का डर खत्म हो गया है। प्रदेश में जिन परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है, उसमें तकनीक संस्थानों का भी सहयोग लिया जा रहा है। आईआईटी कानपुर, एचबीटीयू कानपुर और एकेटीयू लखनऊ की भूमिका सराहनीय है। योगी ने कहा कि नए भारत का उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। इसके अलावा पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि, किसान सम्मान निधि योजना सहित कई योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

विकास हमारा संकल्प और सुरक्षा है प्रतिबद्धता

उन्नाव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले समय में उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए 2022 के विधानसभा चुनाव में जनसमर्थन मांगते हुए कहा कि विकास हमारा संकल्प है, सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता। पुरवा के सगौली गांव में बृहस्पतिवार को जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले गरीबों को राशन नहीं मिलता था। बिजली नहीं मिलती थी। जब लोग अच्छे लोग चुनते और अच्छी सराकर बनाते हैं तो विकास होता है। जब गलत चुनते हैं तो पूरा राशन सैफई वाले हजम कर जाते हैं। हर घर तक बिजली पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश में सौभाग्य योजना की शुरुआत उन्नाव जिले से हुई थी। आज हर घर में उजाला है।